दिनांक 23.04.2025 "स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई"

## शिवाजी चौंक मॉडल टाउन, अंवती बाई चौंक, जुनवानी पेट्रोल पम्प के चौराहो को व्यवस्थित किया जायेगा

**भिलाईनगर।** नेहरू नगर जोन–01 अंतर्गत स्थित शिवाजी चौंक मॉडल टाउन 19 कैफे के पास, कोहका अंवती बाई चौंक पेट्रोल पम्प के पास एवं स्मृति नगर जनुवानी पेट्रोल पम्प के पास पूर्व से निर्मित चौंक पर ट्रैफिक का दबाव ज्यादा रहता है। अक्सर उस रास्ते से स्कूल बस, कार एवं अन्य छोटी–बड़ी गाड़ियां आते–जाते रहती है। स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों की मांग है कि उस चौंक को यातायात के नियमो के अनुसार व्यवस्थित किया जाए। निर्मित डिवाइडर का चौंहद्दी बहुत ज्यादा होने के कारण चौंक का अनावश्यक जगह घेर लिया है। जिससे गाड़ियो के मुड़ने में बहुत समस्या होती है और दुर्घटना होने की संभावना भी बनी रहती है। आज आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, अभियंताओ को लेकर मौके पर निरीक्षण करने गए। उसी समय पुराने शिव मंदिर मॉडल टाउन के सदस्यो ने सुझाव दिया कि मॉडल टाउन शिवाजी चौंक स्थित नाली के उपर स्लैब डालकर और चौंड़ा कर दिया जाये। जिससे यातायात सुगम हो जायेगा, बड़ी गाड़ियो को मुड़ने में तकलीफ होता है। अक्सर मोड़ते समय नाली में लोग गिर जाते है, इसलिए हम लोग उसमें सीमेंट का पोल लगा दिए है। उन्होने यह भी कहा कि आने–जाने वाली गाड़ियां कभी–कभी वहां लगी प्रतिमा को छतिग्रस्त भी कर देती है। हम सब आपसी सहमति से साइड में करवा लेगें, जो सबके लिए अच्छा होगा। इसी प्रकार अंवती बाई चौंक का डिवाइडर बहुत लम्बा हो गया है, उसे भी छोटे रूप में व्यवस्थित किया जा सकता है, जिससे आवागमन सुगम हो। जुनवानी पेट्रोल पम्प के पास भी ट्रेंगल सेप में डिवाइडर लम्बा हो गया है, उसे भी व्यवस्थित करने की आवश्यकता है। आयुक्त ने यातायात विभाग से संपर्क करके यातायात नियमो के अनुसार उसे और सुगम सुविधा जनक बनाने के लिए प्रस्ताव हेतु निर्देशित किए है। इसे शीध्र अतिशीध्र करवा लिया जावे। यह सबके लिए बहुत ही उपयोगी होगा। वहां पर रूककर कुछ देर तक ट्रैफिक व्यवस्था का सब लोगो ने अवलोकन किया कि किस प्रकार से मोड़ते समय आवागमन बाधित हो रहा है। क्या बेहतर विकल्प रहेगा। निरीक्षण के दौरान उप अभियंता बसंत साहू, चंदन निर्मलकर आदि उपस्थित रहे।

